## संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने गांव में जाकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया



**बुलंदशहर :** बुलंदशहर में आज दिनांक 18 मार्च 2024 को श्रीमती दिलावरी देवी किसान कन्या पीजी कॉलेज चिंगरावठी बुलंदशहर राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन का शुभारंभ डॉ एच0के0 वैश्य के नेतृत्व में गांव नयावास में प्रातः 9:00 बजे स्वयं सेविकाओं द्वारा मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ । इसके पश्चात सभी स्वयंसेविकाओं ने गांव में जाकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसका विषय सोशल मीडिया जिसके माध्यम से छात्राओं ने ग्राम वासियों को सोशल मीडिया के अधिक उपयोग तथा उससे होने वाले दुष्परिणामों के विषय में जागरूक किया और बताया कि किस प्रकार आजकल के युग में युवा अपना ज्यादा से ज्यादा समय सोशल मीडिया पर बर्बाद कर रहे हैं ग्राम वासियों ने नाटक के प्रस्तुतीकरण की प्रशंसा करते हुए नाटक के माध्यम से दिए गए संदेश पर विचार करने का निर्णय लिया उसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने सोशल मीडिया से होने वाले लाभ हानि पर शिविर में एक गोष्ठी का आयोजन किया तथा शिविर में उपस्थित लक्ष्मी बाई ग्रुप एवं सावित्रीबाई ग्रुप की छात्राओं ने सोशल मीडिया पर अपने विचार प्रस्तुत किया तथा अन्य ग्रुप की छात्राओं ने भी अपना विशेष योगदान दिया जिनमें तन्वी,गुड़िया, ईशा, इशिका, काजल,शीतल, मोनिका अंजलि, ललिता आदि शामिल रही इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ एच0के0 वैश्य ने छात्राओं को सोशल मीडिया का सदुपयोग करने तथा उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया एक ऐसा विषय है जिसका अत्यधिक उपयोग हमारे लिए हानिकारक होता है इसके लाभ के साथ-साथ अनेक हानियां भी होती हैं तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये कार्यक्रम के दौरान कल प्रचारक थे डॉ एच0के0 वैश्य, श्री देवेंद्र शर्मा, श्री बागेश्वर सिंह, विनय कुमार, सलमा खातून, काजल रानी आदि उपस्थित रहे इसी के साथ शिविर के तीसरे दिन का समापन हुआ।

## बरसाना और एसओजी ने किया 50 हजार का इनामी गिरफ्तार



**मथुरा।** बरसाना की लठमार होली पर बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में 50 हजार के इनामी को पुलिस ने सोमवार की सुबह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गोली से घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश अलीजान मेव उर्फ लीलो मूलरूप से राजस्थान के डींग जिले का है। न्यू कामर मार्ग स्थित बम्बा की पुलिया के निकट थाना कोसीकलां पुलिस और एसओजी के एक संयुक्त ऑपरेशन में बिछाए गए जाल में वह फंस गया। अलीजान की उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के राज्यों में लूट और डकैती की वारदातों को अंजाम दे चुका है। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित है। श्री पाण्डेय ने बताया कि इन दिनों होली के त्योहार की धूम मची हुई है। बरसाना की लठ्ठमार होली में शामिल होने के लिए लाखों हुरियारे देश-विदेश से आ रहे हैं। उनसे लूटपाट की फिराक में इनामी बदमाश यहां पर आया था। रात में उसकी लोकेशन मिलने पर एसओजी के साथ थाना कोसीकलां पुलिस ने उसे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। अलीजान के दोनों पैरों में गोली लगी है। घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस को तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक तमंचा मय तीन जिंदा कारतूस 315 बोर, चोरी की मोटरसाइकिल बिना नंबर की बरामद हुई है। अभियुक्त के खिलाफ हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के थानों में 13 मुकदमे पंजीकृत हैं। जनपद मथुरा से 08 मुकदमा में 2019 से फरार चल रहा था।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का हापुड़ नगर पुलिस ने किया पर्दाफाश



**हापुड़ :** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले आचार संहिता का उद्घोष क्या हुआ जनपद हापुड़ की पुलिस तत्काल प्रभाव से एक्शन में आ गई और जिसके चलते हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार और उनके विश्वसनीय टीम ने सराहना कार्य किया है। आपको बता दे कि हापुड़ नगर पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे/निशानदेही पर 11 अवैध तमन्चे, 03 अर्धनिर्मित तमन्चे, (कुल-15 अवैध असलहा) व 02 जिन्दा कारतूस एवं अवैध शस्त्र बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध शस्त्रों को बनाकर, डिमाण्ड आने पर अपराधी किस्म के लोगों को सप्लाई करता था। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त प्रत्येक अवैध तमंचे को 5-7 हजार रूपये में बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था। साथ ही आपको ये भी बता दें कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट आदि से सम्बन्धित 03 अभियोग पंजीकृत हैं।

## लोकसभा चुनाव कराने को लेकर हापुड़ प्रशासन तैयार



**हापुड़ :** 2024 लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है सियासी दलों ने अपने-अपने धुरान दरों को अखाड़े में उतारने का ऐलान कर दिया है वहीं पर प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारी निभाने को एकदम तैयार हो चुका है जिसके चलते हुए जनपद हापुड़ का प्रशासन एकदम हाई अलर्ट मोड पर आ चुका है वहीं आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु श्रीमान जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व श्रीमान पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा धौलाना तहसील सभागार कक्ष में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## बाबूगढ़ पुलिस ने अवैध शराब तस्करों को किया गिरफ्तार



**हापुड़ :** होली व चुनाव से पहले हापुड़ पुलिस का अवैध शराब तस्करों को पकड़ने का सिलसिला लगातार जारी। हापुड़ पुलिस ने अवैध शराब का पकड़ा दूसरा बड़ा जखीरा। हापुड के थाना बाबूगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान 02 अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को किया गिरफ्तार। जिनके कब्जे से 731 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (कीमत करीब 70 लाख रुपये) 02 मोबाइल व शराब तस्करी में प्रयुक्त टाटा 407 गाडी बरामद की।

# अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था की होली मिलन एवं मासिक कार्यशाला/काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अनुज चौधरी**



**हापुड़ :** अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य भारती जनपद हापुड़ के तत्वावधान में ग्राम मुरादपुर की सागर कॉलोनी के सागर आरोग्यधाम में बेखौफ शायर डा.नरेश सागर द्वारा होली के सुअवसर पर होली मिलन एवं मासिक कार्यशाला/काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया ,जिसकी अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष वागीश दिनकर जी ने की और मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि डा.अशोक मैत्रय और कवि सुभाष पायल जी ने की, काव्य गोष्ठी का आगाज़ सरस्वती वंदना से कवि धर्मेंद्र शर्मा ने किया,काव्य पाठ करते हुए डा. अशोक मैत्रय जी ने पढा.....छेड गीत गज़ले कहो,मन में भरो उमंग। वैर भाव भूलो सभी,रंगो प्रेम के रंग।। प्रो.वागीश दिनकर ने कुछ यूं पढा कि....सुखद होली पर्व पर,हम गर्व से अब ये कहेंगे। एक मां के पुत्र हम सब,प्रेम से मिलकर रहेंगे ।। कवि दिनेश त्यागी ने शमां बांधते हुए पढा....पहले सी होली कहाँ, कहाँ रहा वो प्यार। रंगों में नफ़रत घुली,भली करे करतार।। कवि डा. सतीश वर्द्धन ने पढा...खेलेंगे अब होलिया,क्या नेता क्या संत।बन्दी जिनके घर रहा,पूरे बरस बसंत।। बेखौफ शायर डा.नरेश 'सागर' ने माहौल बदलते हुए कुछ यूं पढा ...चढ़े रंग होली का ऐसे,छुटाए जो ना छूट पाए।करे कान्हा हो ऐसा,जो बिछुडे वो भी मिल जाए।। मिले साली या घरवाली,गली वाली या नुक्कड की।

सब गोपियां मेरी,और दिल ग्वाला हो जाए।। शायर जमशेद माहिर कहा ....हम गरीब लोगों पर तंज मत कसो साहब। वक्त के बदलने में, देर कितनी लगती है।। कवि राजकुमार हिन्दुस्तानी ने कुछ यूं कहा...आदर्शों का सबको पाठ पढ़ाते है,मीठी बातों से दिल को बहलाते है।। सुभाष पायल ने कहा....सिर्फ एक घर की रोशनी के लिए ।शहर सारा जला दिया तूने।। ओमपाल विकट ने पढा....बिगड़ते हो तो हंसते हो,बिगड़ना भी नहीं आता। झगड़ते हो तो रोते हो,झगड़ना भी नहीं आता।। कपिल वीर सिंह ने पढा....मेरी जिद्द को मान मान कर,जिसने छोडी अपनी खुशीयां। टूटा एक खिलौना मेरा,उसने तोडी अपनी खुशीयां।। लक्ष्मण यति ने गुदगुदाते हुए पढा ....बिल्ली पढा रही चूहे को, हिंसा करना पाप है।। पं शिव प्रकाश शर्मा ने पढा..जिसके दिल में दर्द छीपा हो।उसका फिर मुस्काना कैसा।। पुष्पेंद्र पंकज ने पढा...कांटों बीच रहे गुलाब बन,जीवन का श्रृंगार किया ।। अशोक प्रवासी ने कहा...तुम नहीं भी सुनोगे,मैं तब भी कहूंगा ।। कवि सचिन सागर ने पढा ....इश्क में तेरे हद से गुजरने लगा हूँ मैं। पूछते है लोग पर मुकरने लगा हूँ मैं ।

.....गोष्ठी का सफल मंच संचालन करते हुए कवि धर्मेंद्र शर्मा ने कुछ यूं पढा...अब की बार जीत निश्चित है,सबको यही दिलाशा है। दिल्ली वालों कुछ कर डालो,हमको तुमसे आशा है।। मंच संचालन की साझेदारी युवा कवि राजकुमार हिन्दुस्तानी ने बखूबी निभाई। गोष्ठी का समापन वरिष्ठ पत्रकार पदम सिंह वरूण जी ने धन्यवाद के साथ किया।

# पंचायत सचिवालय पर लटका ताला, ग्रामीण हो रहे परेशान

## मामले में विभागीय जिम्मेदार अधिकारी बेखबर

**विकास त्यागी**




**पहासू, बुलंदशहर:** सरकार द्वारा ग्रामीणों को ग्राम पंचायत स्तर पर सुविधा देने के उद्देश्य से लाखों रुपए खर्च कर ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण कराया गया है। जिससे सचिवालय में तैनात पंचायत सहायक ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर तुरंत समस्या को समाधान करा सके। इतना ही नही ग्राम पंचायत सचिवालय में गांव के लोगों को आय, जाति या अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। ग्राम पंचायत के कार्यों को आसान बनाने के लिए पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई है।

ब्लाक पहासू के गांव नारऊ के ग्राम पंचायत सचिवालय पर ताला लटके होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। छतारी क्षेत्र के गांव नारऊ में लाखों रुपए खर्च कर ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण कराया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत सचिवालय के संचालन के लिए पंचायत सहायक को तैनात किया है। सोमवार को सुबह कुछ ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर सचिवालय पर पहुंचे थे। लेकिन सचिवालय पर ताला लटका होने के कारण वह मायूस लौट आए हैं। ग्रामीणों ने बताया पंचायत सचिवालय पर अधिकांश ताला ही लटका रहता है। उधर ब्लाक क्षेत्र के गांव बैरमनगर, टूंडा खेड़ा और धौराऊ के पंचायत सचिवालय पर ताले लटके मिले हैं। ग्राम पंचायत सचिवालय पर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में ग्रामीणों को अपने आय, जाति, मूल निवास के साथ साथ अन्य सरकारी योजनाओं को लेकर के लिए ब्लाक और तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।ब्लॉक क्षेत्र के अधिकांश पंचायत सचिवालय में नियमित रूप से पंचायत सहायक नहीं बैठने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। इतना ही नही ग्राम पंचायत अधिकारियों की मिली भगत से पंचायत सहायक घर बैठे मानदेय ले रहे हैं। पंचायत भवन में कर्मचारियों के न जाने से हमेशा ताला लटका रहता है। कार्य करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक यहां कोई नहीं बैठता है। *मामले में खंड विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया मामला संज्ञान में नही है। मामले की पंचायत सचिव को जांच के के निर्देश दिए हैं।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण में ट्रेंड हो रहे एम्बुलेंस कर्मी

**बुलंदशहर/राजेंद्र सिंह:** सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य में एम्बुलेंस अहम भूमिका निभा रही हैं। इसके माध्यम से सामान्य मरीज, गर्भवती, हादसे में गंभीर घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के साथ जल्दी नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। संचालित एम्बुलेंस सेवा को बेहतर बनाने के लिए जनपद के एम्बुलेंस कर्मियों को अलीगढ़ स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में आपात स्थिति से निपटने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, ताकि एम्बुलेंस कर्मी समय से मरीज को प्राथमिक उपचार प्रदान कर सकें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनय कुमार सिंह ने बताया- जनपद में संचालित एंबुलेंस कर्मियों को अलीगढ़ जनपद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में दो दिवसीय प्रशिक्षण किया जा रहा है। जनपद से हर रोज नौ एंबुलेंस कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। जल्दी ही सभी एंबुलेंस कर्मी प्रशिक्षत हो जाएंगे। एंबुलेंस हर रोज प्रशिक्षण के बाद एम्बुलेंस कर्मी अपने कार्य और बेहतर तरीके से कर सकेंगे। प्रशिक्षित कर्मी आपात स्थिति को समय रहते सकुशल संपन्न कर सकेंगे। उन्होंने बताया- जनपद के हाईवे पर 108 की सभी एम्बुलेंस के लिए निर्धारित स्थान चिन्हित किये गये हैं, जिससे सूचना मिलते ही घटनास्थल पर चंद मिनट में एम्बुलेंस पहुंच जाती है और जल्दी ही मरीज को अस्पताल में भर्ती करा दिया जाता है। मरीज की हालत गंभीर होने पर उसको बेहतर इलाज देने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। विषम परिस्थितियों में भी कर्मचारी खुद की परवाह न कर सेवाभाव को प्रमुखता देते हैं। मरीज की गंभीर हालत होने पर उच्च चिकित्सकों की सलाह पर मरीजों को उपचार देते हुए अस्पताल में भर्ती कराते हैं।

# सेक्टर तथा जोनल मजिस्ट्रेट बूथों का सूक्ष्म निरीक्षण कर लें : जिलाधिकारी

## कहा, वल्नरेबल तथा क्रिटिकल बूथ पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता

**अनुज चौधरी**



**हापुड़ :** जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए तहसील सभागार धौलाना में सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को अपने कर्तव्य को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वाहन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर तथा जोनल मजिस्ट्रेट प्रत्येक बूथों का सूक्ष्म निरीक्षण करके मतदान सम्बंधी आधारभूत संरचनाओं की चेक लिस्ट से मिलान कर ले। उन्होंने कहा कि सभी जोनल और सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा मजिस्ट्रेट के अधिकार प्रदान कर दिये गये है अतः सभी लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए संबंधित एलआईयू, प्रधान, चौकीदार तथा स्थानीय गणमान्य लोगों से व्यक्तिगत संपर्क रखकर वांछित सूचना इकट्ठा करके प्रशासन को अवगत कराये। इसके अलावा सभी जोनल मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्र के वल्नरेबल तथा क्रिटिकल बूथ पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि सेक्टर तथा जोनल मजिस्ट्रेट साथ लगे हुए पुलिस अधिकारी से बेहतर समन्वय बना करके चुनाव प्रक्रिया को अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर आवश्यक सुविधाओं के साथ-साथ मतदान केंद्र तक के रास्ते की सुगमता का भी परीक्षण कर लें। उन्होने कहा की किसी मतदान केंद्र पर यदि पूर्व के चुनाव में किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटी हो तो उसके बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करके अवगत कराये। साथ ही वल्नरेबल मैपिंग के दौरान स्थानीय निकाय के चुनाव का भी डाटा से मिलान कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट आपस में व्हाट्सएप बना करके व्हाट्सएप ग्रुप मे प्रधान, पंचायत सचिव तथा पंचायत सहायक का नंबर जोड़ ले।

जिलाधिकारी ने वीडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी टीम को निर्देशित करते हुए बताया कि फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी टीमें जुलूस, पोस्टर, बैनर की पूर्ण फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी करेंगे तथा कंट्रोल रूम से प्राप्त सूचना स्थल पर भी जाकर के वीडियोग्राफी करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए की सेल्फी पॉइंट में मतदाताओं के द्वारा सेल्फी फोन के माध्यम से ली जाती है अतः सेल्फी प्वाइंट निर्धारित स्थान पर ही बने। उन्होंने कहा कि फ्लाइंग स्क्वाड की गाड़ी में जीपीएस अवश्य लगे होने चाहिए।

जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेट तथा कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया कि चुनाव के दौरान विशेष परिस्थिति के अलावा छुट्टी स्वीकृति नहीं होगी तथा बिना अनुमति के कोई भी छुट्टी तथा मुख्यालय से बाहर नहीं जाएगा अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करा कर आवश्यक कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पुलिस तथा प्रशासन के मध्य जितना अच्छा समन्वय होगा उतनी ही बेहतर तरीके से स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में लगे हुए सभी अधिकारी तथा कर्मचारी का सार्वजनिक तथा निजीस्थान पर किसी भी राजनीतिक दल का सपोर्ट करते हुए वीडियो नहीं वायरल होना चाहिए अन्य संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अधिकारीगण ड्यूटी के दौरान अपना ड्यूटी ऑर्डर तथा आईकार्ड अपने साथ हमेशा रखेंगे। साथ ही जांच के दौरान वह संबंधित व्यक्ति से व्यावहारिक तथा सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एफएसटी, एसएसटी तथा वीडियो टीम का भी मार्गदर्शन किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने उच्च प्राथमिक विद्यालय देहरा तथा प्राथमिक विद्यालय गजरिया बूथ का निरीक्षण किया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी वि/रा संदीप कुमार, उप जिलाधिकारी धौलाना, पुलिस उपधीक्षक धौलाना तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

## अमरोहा-गढ़ सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी का इंतजार

**गढ़मुक्तेश्वर।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। आचार संहिता लगने के बाद गढ़-अमरोहा लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं भाजपा और बसपा ने अपने-अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतार दिया है, लेकिन अभी कांग्रेस-सपा गठबंधन के उम्मीदवार की घोषणा नहीं हो सकी है। गढ़-अमरोहा लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने सबसे पहले पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर को प्रत्याशी घोषित किया है। उसके बाद बसपा ने मुस्लिम कार्ड खेलते हुए गढ़ क्षेत्र के रहने वाले मुजाहिद अली उर्फ बाबू खां को अपना प्रत्याशी बनाया है। दोनों ही प्रत्याशी क्षेत्र में मतदाताओं के बीच जा रहे हैं। लेकिन अभी तक भी सपा-कांग्रेस गठबंधन के कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी का इंतजार है। अमरोहा लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में गई है। कांग्रेस से पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी चौधरी सचिन दावेदारी कर रहे है। इसके अलावा बसपा से निष्कासित किए गए वर्तमान सांसद कुंवर दानिश अली राहुल गांधी, प्रियंका और उसके बाद सोनिया गांधी से मुलाकात कर सुर्खियों में बने हुए हैं। देखना है कि कांग्रेस किस पर दाव लगाती है। वहीं अन्य दलों के प्रत्याशियों की भी जल्द ही घोषणा होने की संभावना है। लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी पार्टी को जीत दिलाने के लिए दौड़ रहे है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने भी चुनाव को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली है।

## चुनाव को लेकर अर्धसैनिक बल व पुलिस फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च




**बुलंदशहर :** आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार के आदेशानुसार रमजान माह, अगामी लोकसभा सभा सामान्य निर्वाचन-2024 व आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी रामघाट, थाना प्रभारी नरौरा व थाना प्रभारी नरसैना द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के संवेदनशील/अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस फोर्स व अर्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया तथा आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें।

## पेपर देकर लौट रहे छात्र पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला, मामला दर्ज



**औरंगाबाद.(बुलंदशहर) :** रामगढ़ निवासी पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र सिंह का पुत्र सूर्य प्रताप सिंह सोमवार को जेपी विद्यालय तौमडी से परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहा था। पिपाला पुलिस चौकी के नजदीक बाइक सवार एक दबंग युवक ने अपने दो अन्य साथियों के साथ उसे जबरन रोक लिया और मारपीट करने लगे। हमलावरों ने लोहे की राड से सिर में वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। और मूंह में पिस्टल की नाल लगाकर गोली मारने की धमकी दी। ग्रामीणों के मौके पर आ जाने पर हमलावर बाइक पर सवार होकर भाग निकले। परिजनों ने घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी पहुंचाया और उसकी डाक्टरी कराई। घायल छात्र के पिता ने हमलावर को नामजद करते हुए थाने पर लिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। रिपोर्ट अभी दर्ज नहीं हुई है। *थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर मिली है। मामला दर्ज किया जा रहा है। हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## जानलेवा हमले के आरोपी को सात वर्ष कारावास की सजा



**बुलंदशहर :** बुलंदशहर में अभियुक्त दिलशाद पुत्र कासिम निवासी चचरई रोड़ थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2016 में जई सचिन कृष्णपाल सिंह से बकायेदारों की सूची फाड़ देना व टीम के साथ गाली-गलौच करते हुए चाकू से हमला करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में 30.01.2016 को थाना जहांगीराबाद पर मुअसं- 22/2016 धारा- 323, 307, 332, 353, 504, 506 भादवि पंजीकृत किया गया तथा 13.03.2016 को पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध छह गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरूप आज सोमवार को न्यायालय एडीजे-15 बुलन्दशहर द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त दिलशाद को सात वर्ष का कारावास व 08 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक प्रवेन्द्र सिंह लोधी का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

## जनपद बुलन्दशहर में 24 घंटे में 107 एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार



**बुलंदशहर :** जनपद बुलन्दशहर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के आदेशानुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम बनाकर 24 घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों द्वारा ताबडतोड दबिश की कार्यवाही के दौरान वाछिंत अभियुक्तों की तलाश गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद में एनबीडब्ल्यू वारंटियों(गैर जमानती वारंट) अभियुक्तों की तलाश की गयी। जिसमें जनपद में विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 107 एनबीडब्ल्यू वारंटियों को अल्प समय में गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस अधिक्षक ने किया बूथों निरीक्षण

**बुलंदशहर :** आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए कोतवाली नगर क्षेत्र के मतदान केंद्रों/बूथों पर करायी गयी व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया गया तथा अर्धसैनिक बल, पीएसी व बाहर से आयी पुलिस फोर्स के ठहरने हेतु चिन्हित स्कूलो/कॉलेजो का भी निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरें लगवाने व अन्य आवश्यक व्यवस्था करने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री विकास प्रताप सिंह चौहान व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अनिल कुमार शाही मौजूद रहे।